बेसलाईन सर्वे वर्कशॉप कार्यक्रम

स्थान – कलेक्टर सभा कक्ष बलौदाबाजार

दिनॉक – 04/02/2014

समयः– 11:00 बजे से 2:30 बजे तक

कार्यक्रम विवरण :–

वसंत पंचमी के शुभअवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माता के आगे दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुऍ डॉ. संतोष कुमार देवांगन संयुक्त कलेक्टर जिला बलौदाबाजार , महिला एवं बालविकास अधिकारी श्रीमति टोप्पो मैडम गृहिणी संस्था अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम समन्वयक ईश्वर प्रसाद छाटा द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूवात पूजा अर्चना कर किया गया।

इस कार्यक्र को गति प्रदान करने हेतु संकल्प संस्था के संस्थापक एवं साक्षरता मिशन बलौदाबाजार के समन्वय अधिकारी श्रीमान सी.एल. शर्मा जी ने प्रवक्ता की प्रमुख भूमिका निभाई।

दीप प्रज्जवलन के पश्चात् कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहें श्रीमान डॉ. संतोष कुमार देवांगन का स्वागत श्रीमति रूपा श्रीवास्तव एवं श्रीमति टोप्पो मैडम के द्वारा किया गया।

इसे बाद दिनॉक 02/02/2014 को आयोजित नया रायपुर में ट्रायसायकल मैराथान के विजयी प्रतिभागी कु. गायत्री यदू और प्रभू लाल निषाद का डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने सम्मानित किया और कहा कि इनका सम्मान करना हमारा सौभाग्य है , और सभी को प्रेरणा लेने की बात कही साथ ही दोनो विजयी प्रतिभागीयों से खेल में भाग कैसे लिए और खेल कैसा लगा और विजयी होने के बाद कैसे अनुभव कर रहें है इस बात को सभी लोगो के बीच वर्णन करनें का मौका दिया और विजयी प्रतिभागी ने बखूबी निभाया।

और संयुक्त कलेक्टर महोदय जी ने दोनो विजेताओं का शैक्षणिक योग्यता पूछ कर अपने कार्यलय द्वारा जारी विज्ञापन में नौकरी हेतु सहायक ग्रेड 03 के लिए तूरंत आवेदन जमा करनें के निर्देश दियें।

इस सम्मान के बाद अध्यक्ष महोदय से आज्ञा लेने के बाद श्रीमति रूपाश्रीवास्तव नें सर्वे का प्रस्तुतिकरण प्रोजेक्टर के माध्यम गृहिणी संस्था का परिचय , परियोजना का परिचय , बेसलाइन रिर्पोट के आधार पर निकले प्रमुख तथ्य का प्रस्तुतिकरण एवं साथ ही समस्या तथा उनके निराकरण के महत्वपूर्ण बिंदूओं पर भी ध्यानाकर्षण किया।जिसमें विशेष कर विकलांग प्रमाण पत्र , रेल पास, बस पास , पेंशन , विवाह प्रोत्साहन राशि , ऋण प्रक्रिया की जटिलता , मनरेगा में विकलांगो हेतु कार्य, स्मार्ट कार्ड इत्यादि बिंदू थें।

इसके उपरांत नवम्बर 2012 से दिसम्बर 2013 तक परियोजना अंतर्गत हुए प्रमुख कार्य , उपल्बधियॉ एवं 2014 की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया गया।

इस पूरी प्रस्तुतिकरण के बाद संयुक्त कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन जी ने एक–एक बिंदू पर प्रकाश डालते हुए। सभी संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिया गया तथा सभी निःशक्तजनों को सभी अधिकार प्राप्त हो इसके लिए सभी विभागीय अधिकारीयों को त्वरित कार्यवाही हेतु आदेश किया।

एवं निम्न विभाग को निम्न निर्देशित किया :–

1. स्वास्थय विभाग :–

1.विकलांग प्रमाण पत्र 4:00 बजे तक रेल पास के साथ जारी किया जाए।

2.सबसे ज्यादा अस्थि विकलांग अन्य पिछड़ा वर्ग जाति के है तो इस पर स्वास्थय विभाग के अमला को कारण पता लगाने के निर्देश दिया गया।

3.कृत्रिम अंग एवं शल्य चिक्तिशा हेतु कैम्प का आयोजन के लिए निर्देश।

2. परिवाहन विभाग :–

परिवाहन विभाग को प्रति मंगलवार को स्वास्थय विभाग में कैम्प लगाने को आदेशित किया ताकि एक ही साथ प्रमाण पत्र , रेल पास एवं बस पास एक ही स्थान में बन सकें।

4. पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग :–

समाज कल्याण की सभी योजना को त्वरित लाभ दिलाने की बात कही विशेषकर पेंशन , विवाह प्रोत्साहन राशि , कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

5. शिक्षा विभाग :–

विकलांग बच्चों को गैरविकलांग बच्चों के साथ समन्वय बना कर रखनें , रैम्प एवं बाधारहहित शौचालय निर्माण की जानकारी मॉगी।

6. महिला एवं बालविकास विभाग :–

श्रीमति टोप्पो के माध्यम से आई.सी.डी.एस. की सभी योजना एवं विकलांग बच्चों को ए.डब्लयू.सी. में जोड़ने तथा ए.डब्लयू.सी. को प्रशिक्षित करने पर संस्था को धन्यवाद दिये।

इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक ईश्वर प्रसाद छाटा को उद्बोधन के लिए आमांत्रित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक ने यू.एन.सी.आर.पी.डी. , निःशक्तजन अधिनियम 1995 के संबंध में जानकारी दिये एवं छ.ग. राज्य में निःशक्तों के लिए बनायें गयें योजनाओं के संबंध में सभी अधिकारियों का ध्यान आकर्षण कराया और सभी योजना अगर निःशक्तों को प्राप्त हो तो वो एक सुविधा पूर्वक जीवन यापन कर सकतें हैं इसकी जानकारी दियें।

अगले उद्बोधन के लिए सिमगा ब्लाक के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री पंकज देव को आमांत्रित किया गया जिन्होंने गृहिणी संस्था को अपने सिमगा ब्लाक में सराहनीय कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया और अपने जनपद पंचायत क्षे़त्र में हो रहे कार्य का उल्लेख किया।

अंत में संस्था अध्यक्ष रूपाश्रीवास्तव और मैडम टोप्पो ने सभी को धन्यावाद दिया। और सभा की समाप्ति की गई।

विशेष :—

1. सभा कक्ष की एवं कार्यक्र की पूरी जिम्मेदारी कलेक्टर महोदय श्री राजेश सुकुमार टोप्पो जी के आदेश में महिला एवं बालविकास अधिकारी श्रीमति टोप्पो मैडम ने लिये।

2. सभी ब्लॉकों की मुख्यकार्यपालन अधिकारीयों की उपस्थिति रही।

3. संस्था को सभी ब्लाकों में निःशक्तों के लिए कार्य करने की आशा सभी मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा की गई।

4. प्रमुख समस्यों का निराकरण त्वरित हुआ।

5. डी.पी.ओ. मेम्बर की भागीदारी इस कार्यक्रम बहुत ही अच्छी रहीं।

6. दोनो विजेतओं को वर्ग 03 के नौकरी के लिए तुरंत फार्म भरे गयें।

गृहिणी स्वयं सेवी संस्था
हार्दिक स्वागत करती है
निःशक्तता से सशक्तता की ओर ...
हम चाहते हैं एक ऐसी
दुनिया जहां हमारी कद्र हो ...

गृहिणी स्वयं सेवी संस्था
आपका हार्दिक स्वागत करती है
निःशक्तता से सशक्तता की

धन्वाद !